मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना

मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना,
बुढ़ापा मुझे मत देना, बुढ़ापा मुझे मत देना,
मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना॥

बेटा तो मेरा बड़ा पैसे वाला,
कभी ना पूछें मेरी बात, बुढ़ापा मुझे मत देना,
मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना॥

बेटी तो मेरी गई सास पे,
कभी ना करती बात, बुढ़ापा मुझे मत देना,
मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना॥

बड़े चाव से बहू ले आई,
बहू ना माने मेरी बात, बुढ़ापा मुझे मत देना,
मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना॥

कोड़ी कोड़ी मैंने माया जोड़ी,
कुछ ना आया मेरे हाथ, बुढ़ापा मुझे मत देना,
मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना॥

अपने पसंद की कोठी बनवाई,
कोने में डाली मेरी खाट, बुढ़ापा मुझे मत देना,
मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना॥

देना बुढ़ापा तो ऐसा देना,
तेरा भजन करूं दिन रात, बुढ़ापा मुझे मत देना,
मेरी शेरावाली मां बुढ़ापा मुझे मत देना॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24795/title/meri-sherawali-maa-budapa-mujhe-mat-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |